अमृत मिशन योजना फेस टू का पाइप लाइन बिछाने का कार्य

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में सबको पीने का शुद्ध साफ पानी मिले घर घर नल हो हो इसी के लिए अमृत मिशन योजना फेस टू का कार्य तेजी गति से चल रहा है । इसी के तहत स्टेशन मरोदा निवाई के पास बहुत दिनों से पानी का समस्या था उसके निराकरण के लिए अमृत मिशन योजना फेस टू का पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्रतापूर्वक चल रहा है । कार्य की प्रगति एवं उसकी गुणवत्ता की जांच करने के लिए जल कार्य के अधिकारी कार्यपालन अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किए ठेकेदार को समय अवधि में कार्य पूर्ण करने को कहे । किसी प्रकार का कार्य में लापरवाही बरतने पर नियमानुसार उनके ऊपर कारवाई की जाएगी ।आयुक्त केएल चौहान के निर्देश पर किसी भी क्षेत्र में सरप्राइज़ रूप से जाकर अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुंच जाते हैं और किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हैं उसकी गुणवत्ता देखते हैं । टंकियों का जो निर्माण हो रहा है पानी सप्लाई के लिए वह प्रॉपर है कि नहीं निर्धारित मापदंड के अनुरुप है कि नहीं सबसे ज्यादा आवश्यकता समय अवधि के समय में कार्य को पूर्ण कराना है जिससे आगामी गर्मी तक सबको पीने का पानी मिल सके ।